रविवार

29 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध 2



## खबरें फटाफट

### मुकेश अंबानी को फिर मिली जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** देश के सबसे अमीर बिजनेसमैन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी दी गई है ।यह धमकी मुकेश अंबानी को ईमेल के जरिए दी गई है। जिस ईमेल में लिखा है कि अगर आप हमें 20 करोड रुपए फिरौती के रूप में नहीं देते हैं तो हम देश के बेस्ट शूटर से आपकी गोली मार के हत्या करवा देंगे। बताया जा रहा है कि उद्योगपति मुकेश अंबानी को यह धमकी भरा हुआ ईमेल गुरुवार 27 अक्टूबर की शाम को प्राप्त हुआ था। इसके बाद अंबानी परिवार के सिक्योरिटी इंचार्ज ने इस ईमेल के आधार पर गामदेवी पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### निराश्रित बहनों के लिए महिला पेंशन की राशि बढ़ाने की करेंगे व्यवस्था : योगी

**औरैया।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने औरैया में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए महिलाओं को आश्वस्त किया कि निराश्रित बहनों के लिए पेंशन 1000 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है, जिसे आने वाले समय में बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने तिरंगा मैदान से जनपद को 688 करोड़ की 145 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने कहा कि आधी आबादी को सम्मान दिए बिना विकास की योजनाओं का मूल्य अधूरा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत बेटी के जन्म लेने से स्नातक की पढ़ाई के लिए सरकार अब तक 15 हजार रुपए दे रही है। नए सत्र से इसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने का निर्णय लिया जा चुका है। डबल इंजन की सरकार ने तय किया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो बेटी की जिम्मेदारी सरकार लेगी। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दो यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, बैग, किताब, स्वेटर देने की व्यवस्था तय कर दी गई है। पंजीकरण के साथ ही 1200 रुपये परिवार के अकाउंट में चले जाते हैं। सीएम ने कहा हमने जाति-परिवार, क्षेत्र और भाषा के नाम पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का पाप नहीं किया।

# युवाओं के कौशल विकास के लिए मिशन मोड में हो रहा काम: मोदी

- पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी नौकरी पाने वाले 51 हजार से ज्यादा युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र
- बोले- सरकार पारंपरिक नौकरी क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए उठा रही है सक्रिय कदम

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरकारी नौकरी पाने वाले 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। इस दौरान पीएम ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में शानदार विकास कर रहा है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा करने में मदद मिल रही है। पीएम ने अपने संबोधन में पर्यटन और खेल क्षेत्र में हो रही तरक्की का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा पीएम ने कहा कि इससे पता चलता है कि खेल क्षेत्र किस तरह बदल रहा है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार पारंपरिक नौकरी क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। रक्षा निर्यात, ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। पीएम ने सरकारी नौकरी पाने के लिए युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों युवाओं को नौकरी मिली है। सरकार युवाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं के कौशल विकास के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नियुक्ति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। नियुक्ति प्रक्रिया अधिक पारदर्शी हो गई है। परीक्षा पैटर्न में बदलाव किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने एसएससी परीक्षा का उदाहरण देते हुए कहा कि एसएससी परीक्षा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इससे उन युवाओं को मदद मिलेगी जो भाषा की बाधा के कारण कठिनाई का सामना कर रहे थे।

पीएम ने कहा, हमारी सरकार युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर मिशन मोड में काम कर रही है। आज भारत जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, उससे हर सेक्टर में रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। युवा शक्ति जितनी ज्यादा मजबूत होगी, देश उतना ज्यादा विकास करेगा। आज भारत अपने युवाओं को कौशल और शिक्षा द्वारा नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार कर रहा है।

### पीएम मोदी आज करेंगे मन की बात, 11 बजे से प्रसारण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार की सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 106वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। यह आकाशवाणी, वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। मन की बात के पहले एपिसोड का प्रसारण 3 अक्टूबर 2014 को हुआ था। पहले एपिसोड की अवधि 14 मिनट थी। मन की बात कार्यक्रम में अब तक प्रधानमंत्री ने प्रेरणादायक कहानियों के साथ साफ-सफाई से जुड़े अभियान, महिला सशक्तिकरण, जवानों की बहादुरी, सरकारी स्कीमों, स्वास्थ्य जागरूकता, योग और खेल इत्यादि से जुड़े मसलों का जिक्र किया है। इसने काफी लोकप्रियता हासिल की है।

## चुनाव के समय ईडी और आईटी का छापा कभी नहीं पड़ा: खड़गे



**नई दिल्ली।** चुनावी राज्य राजस्थान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हालिया छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस डरेगी नहीं और एक दिन बीजेपी को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। ईडी ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित आवासों पर छापेमारी की। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को भी तलब किया है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, वे (बीजेपी) गहलोत का चुनाव खराब करना चाहते हैं और कांग्रेस नेता को हतोत्साहित करना एवं डराना चाहते हैं। वे हमेशा ऐसा करते हैं। हम डरेंगे नहीं, हम मजबूती से लड़ेंगे और इसका सामना करेंगे। वे जो भी कर रहे हैं, वह सही नहीं है। हम 50 साल से राजनीति में हैं, लेकिन चुनाव के समय ईडी और इनकम टैक्स की छापेमारी कभी नहीं हुई। लेकिन आज वे सीएम को डराने के लिए ऐसा कर रहे हैं, लेकिन एक दिन उन्हें भी भुगतना पड़ेगा। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि यह गुंडागर्दी थी और केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों के माध्यम से देश में आतंक पैदा कर दिया है। गहलोत ने स्थिति को चिंताजनक बताया और कहा कि भाजपा गुंडागर्दी का सहारा ले रही है।

### सीएम योगी ने अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन में लिया हिस्सा, बोले...

# आपकी सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए प्रभावी ढंग से हो रहा काम

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण और शिलान्यास के माध्यम से कानपुर को दी 501 करोड़ रु. की 152 विकास परियोजनाओं की सौगात

**केटी न्यूज ब्यूरो/कानपुर**

कानपुर कभी देश का सबसे उभरता हुआ नगर था। देश के अंदर तीन बड़े आर्थिक रूप से संपन्न महानगरों में कानपुर की गिनती होती थी। पिछली सरकारों ने कानपुर की इस आर्थिक उन्नति को तहस-नहस करने का काम किया। आज प्रसन्नता हो रही है कि यहां 500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है तो वहीं नई योजनाएं भी बन रही हैं। आज कानपुर की पहचान मेट्रो सिटी के रूप में हो रही है। कानपुर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का भी एक नया केंद्र बनकर उभर रहा है। ये डबल इंजन की सरकार कानपुर और बुंदेलखंड को उसका पुराना वैभव फिर से दिलाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह बातें सीएम योगी ने शनिवार को कानपुर में आयोजित तृतीय अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन में कहीं।

इससे पहले सीएम योगी ने 2 अक्टूबर 2022 को कोरथा गांव में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के बेहतर पुनर्वासन के लिए 1.56 करोड़ रुपए की वेद व्यास ग्राम विकास परियोजना का लोकार्पण किया। साथ ही कानपुर को 501 करोड़ रुपए की 152 विकास परियोजनाओं की भी सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कूड़ा प्रबंधन के लिए 100 हॉपर ट्रिपर गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, ओडीओपी, स्वामी विवेकानंद, राज्य विश्वकर्मा श्रम सम्मान समेत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीक स्वरूप मकान की चाभी, लाभांस, टूल किट और स्मार्टफोन, टैबलेट व सिलाई मशीन वितरित किए।



### पूर्ववर्ती सरकारों का चेहरा और चरित्र को समझिए

अनुसूचित जातियों के लिए सम्मान जताते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज हर सरकारी कार्यालय में आप बाबा साहब आंबेडकर का चित्र देखते होंगे। समाजवादी पार्टी की सरकार में तो तिर्वा कन्नौज में मेडिकल कॉलेज का नाम ही बदल दिया गया था। बाबा साहब के नाम से उन्हें इतनी चिढ़ थी कि शिला पट्ट को सपा के गुंडों ने तोड़ दिया। ये महर्षि बाल्मीकि, भगवान वेदव्यास, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, संत रविदास की जयंती मनाने में डरते थे कि कहीं उनका वोटबैंक न खिसक जाए। इन चेहरों और चरित्र को समझिए। ये लोग बोलेंगे कुछ और करेंगे कुछ। वहीं ये डबल इंजन की सरकार जो बोलती है वो करके दिखाती है। हमारी सरकार बाबा साहब भीमराव आंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थों के विकास का कार्यक्रम प्रभावी ढंग से बढ़ा रही है तो महर्षि बाल्मीकि की पावन जयंती के अवसर पर हर देव मंदिर में अखंड रामायण का आयोजन कर रही है।

### सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन की गारंटी देगी सरकार

पिछड़ी जातियों को सम्मान देने के लिए सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तय किया है कि जितने भी सफाई कर्मचारी होंगे, उन्हें न्यूनतम वेतन देने की गारंटी सरकार देगी। मुख्य सचिव के नेतृत्व में हमने कमेटी का गठन कर दिया है। आज आप शासन की योजनाओं को बिना भेदभाव हर गरीब तक पहुंचते हुए देख सकते हैं। हर दलित, हर वंचित योजनाओं का लाभ पा रहा है। आज हम देख सकते हैं कि कैसे योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंगे से उन लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार के स्तर पर किए गए प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। सीएम ने सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में केंद्र और राज्य शासन के स्तर पर पिछले 6 वर्ष के अंदर जहां पौने तीन करोड़ गरीबों के शौंचालय बने तो वहीं 55 लाख गरीबों के लिए एक-एक आवास देने का कार्य भी हुआ है।

**आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना सशक्त नहीं सकता समाज:** सीएम योगी ने कानपुर में जेके समूह द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूह की 1001 जरूरत महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की। इसके अलावा सीएम ने कई अन्य योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को भी चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## वोट की राजनीति के लिए धर्मांतरण पर सीएम हेमंत ने आंख मूंद ली: जेपी नड्डा

**एजेंसी/रांची**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को झारखंड दौरे में बड़ा राजनीतिक संदेश दे गए। रांची के हरमू मैदान में बीजेपी की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने साल 2024 में चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं को गुरुमंत्र देने का काम किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने सत्ता में आने के लिए जनजातियों के नाम पर वोट मांगा, लेकिन उनके शासन में राज्य में आदिवासियों का जितना नुकसान हुआ, उतना किसी और ने नहीं किया।

जेपी नड्डा ने कहा कि वोट की राजनीति के लिए धर्मांतरण पर आंख मूंद ली, ये बताता है कि हेमंत सोरेन को आदिवासियों की संस्कृति की नहीं सिर्फ वोट की चिंता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार और पार्टी कार्यकर्ता जब सत्ता पर बैठते हैं तो लोगों की सेवा के लिए बैठते हैं, लोगों के काम करने के लिए बैठते हैं, झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए बैठते हैं। लेकिन जब जेएमएम के लोग सत्ता पर बैठते हैं तो वो अपनी सेवा के लिए बैठते हैं, मेवा खाने के लिए बैठते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से संकल्प लेने को कहा कि ऐसी सरकार जो तुष्टिकरण से युक्त हो, भ्रष्टाचार से युक्त हो, अनाचार से युक्त हो, उस सरकार को नहीं रहने देंगे।


R. K. INDUSTRIES OF INDIA

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines

Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team

R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED


### उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने की पहल, 32.92 लाख किट्स की होगी आपूर्ति

# रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट से होगी रोगों की जांच

- वायरल बीमारियों की जांच के लिए आरडीटी किट्स की सप्लाई के लिए आपूर्तिकर्ता के चयन की प्रक्रिया शुरू

**केटी न्यूज/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में आम लोगों तक उत्तम स्वास्थ्य निदान पहुंचाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने प्रदेश में रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स की आपूर्ति के लिए प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। सीएम योगी की प्राथमिकता रही है कि उत्तर प्रदेश में वायरल रोगों की टेस्टिंग व निदान के लिए उचित जांच प्रक्रिया उपलब्ध हो। इस उद्देश्य से सरकार अब 32.92 लाख से ज्यादा रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स की आपूर्ति की प्रक्रिया पर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएमएससीएल) को इस आपूर्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किए गए थे और इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष की आपूर्ति अवधि के लिए इस टेंडरिंग प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जा रहा है जिसके जरिए प्रदेश में रैपिड प्लाज्मा रिएजिन प्रक्रिया समेत कई प्रकार की वायरल बीमारियों की जांच के लिए जरूरी रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स की आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

**2 चरणों में आपूर्तिकर्ता के निर्धारण की प्रक्रिया होगी पूरी:** आपूर्तिकर्ता के निर्धारण के लिए यूपीएमएससीएल द्वारा 21 अक्टूबर को टेंडरिंग प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। इस क्रम में 2 नवंबर को एक प्री बिड मीट निर्धारित की गई है, जबकि 20 नवंबर तक इच्छुक आपूर्तिकर्ता कंपनियां इसके लिए अप्लाई कर सकती हैं। दो चरणों में होने वाली टेंडरिंग प्रक्रिया के तहत पहले चरण में टेक्निकल बिड व दूसरे चरण में फाइनेंशियल बिडिंग की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इस टेंडर के लिए प्रॉसेसिंग फीस 5900 प्लस जीएसटी निर्धारित की गई है। आवेदन करने वाले इच्छुक आपूर्तिकर्ता को अपनी किट्स की 20 यूनिट क्वॉलिटी निर्धारण के लिए यूपीएमएससीएल को उपलब्ध कराना होगा। इस टेंडरिंग प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार अंजाम दिया जाएगा तथा यूपीएमएससीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर इस प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे।

**रैपिड डायग्नॉस्टिक किट्स के जरिए कई प्रकार की जांचें होंगी संभव:** रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स जांच का एक प्रभावी माध्यम है, जिनके जरिए कई प्रकार की वायरल बीमारियों की जांच में मदद मिलती है। फिलहाल, जिन रैपिड डायग्नॉस्टिक किट्स की आपूर्ति के लिए यूपीएमएससीएल फोकस कर रहा है उसमें एचआईवी व सिफलिस के लिए ड्यूअल टेस्ट्स किट्स के तौर पर 25 लाख किट्स की आपूर्ति एक वर्ष में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। वहीं, एचआईवी की जांच के लिए रैपिड डायग्नॉस्टिक किट्स के तौर पर 2.02 लाख किट्स की आपूर्ति एक वर्ष में की जाएगी। दूसरी ओर, रैपिड प्लाज्मा रिएजिन आरडीटी के रूप में 5.90 लाख किट्स की आपूर्ति पूरे वर्ष की जाएगी। ये किट्स एचआईवी1 व एचआईवी2 सबटाइप्स व ट्रैपोनेमा पैडिलम की सीरम व प्लाज्मा निर्धारण प्रक्रिया के जरिए पूरे शरीर की स्थिति आवलोकन में सक्षम होगी। वहीं, एंजाइमे इम्यूनो एस्से एगलुटिनेशन व अन्य प्रिंसिपल्स के आधार पर जांच प्रक्रिया को पूर्ण करने में भी ये किट्स प्रभावी होंगी। किट्स की गुणवत्ता वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों व सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) के आधार पर निर्धारित की जाएगी देश के ड्रग्स व कॉस्मेटिक्ट्स एक्ट 1940 (प्राइस कंट्रोल) के अनुसार सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट को मूर्त रूप दिया जाएगा।

# बीपीएससी 67वीं परीक्षा में 799 अभ्यर्थी सफल, अमन बने टॉपर

## टॉप 10 में 6 लड़कियों ने बनायी जगह

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग ने 67वीं परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें कुल 799 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। हालांकि बड़ी बात यह है कि इंटरव्यू में 2090 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें करीब 1300 को निराशा हाथ लगी। वहीं 799 सफल परीक्षार्थियों में से टॉप फाइव में चार लड़कियों ने बाजी मारी है। वहीं टॉप 10 में 6 लड़कियों ने स्थान बनाया है। टाप टेन में पहला रैंक अमन आनंद का है, जो पटना जिला के बाढ़ स्थित बेढ़ना गांव के रहने वाले हैं। अमन ने 66वीं बीपीएससी परीक्षा को पास किया था और 54 रैंक आया था उसके बाद मधुबनी जिला में डीआरडीओ के पद पर तैनाती हुई जिसका ट्रेनिंग कर रहे थे। अमन के पिता सरकारी शिक्षक हैं और मां हाउसवाइफ हैं। अमन एक भाई और एक बहन है। बीपीएससी के टॉपर में दूसरे नंबर पर निकिता कुमारी, तीसरे नंबर पर अंकिता चौधरी, चौथे नंबर पर अपेक्षा मोदी, पांचवें नंबर पर सोनल सिंह हैं। वहीं, आठवें नंबर पर शालू कुमारी और 10वें नंबर पर सोनल हैं।

799 चयनित अभ्यर्थी में बिहार प्रशासनिक सेवा के लिए 88, बिहार पुलिस सेवा के लिए कुल 20 अधिकारी चुने गए हैं। वहीं, स्टेट टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर के रूप में 21, जेल सुपरिंटेंडेंट के तौर पर 3, सब इलेक्शन ऑफिसर पर 4 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जबकि 4 उम्मीदवार चाइल्ड प्रोटेक्शन सर्विस के एडिशनल डायरेक्टर के रूप में चयनित हुए हैं। असिस्टेंट प्लान ऑफिसर असिस्टेंट डायरेक्टर के लिए 52 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इसी तरह अन्य पद के लिए उम्मीदवारों का चयन किया गया है। एसटी वेलफेयर ऑफिसर के रूप में 52 अभ्यर्थी अंतिम रूप से चयनित हुए हैं।

### सीएम नीतीश ने कार्डियोलॉजीकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन का किया शुभारंभ, बोले...

# स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध

- सीएम बोले- पीएमसीएच को 5462 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश अस्पताल बनाया जा रहा है
- पहले राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे, जो अब 13 हो गए हैं




**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने होटल मौर्या में कार्डियोलॉजीकल सोसायटी ऑफ इंडिया के बिहार इकाई के दो दिवसीय 29वें वार्षिक सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हुये हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की बिहार शाखा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुझे आने का सौभाग्य मिला है, यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है, इसके लिए आयोजकों को धन्यवाद देता हूं। देश-विदेश से चिकित्सक आये हुये हैं और वे इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, यह बहुत खुशी की बात है। हमलोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत काम किया है। हृदय रोग के इलाज के लिए अच्छी और विशेष व्यवस्था की गई है। पहले इसपर कोई ध्यान नहीं देता था। पहले सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए नाममात्र के लोग आते थे लेकिन अब प्रखंड स्तर पर भी इलाज की बेहतर व्यवस्था हो जाने से काफी लोग सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान (आईजीआईसी) का पहले बहुत बुरा हाल था । एक बार जब मैं सांसद था तो मेरी मां की तबीयत खराब हो गई थी और तब मैं मां को लेकर आईजीआईसी आया था लेकिन वहां पर बहुत हल्ला हो रहा था और सफाई आदि की भी अच्छी व्यवस्था नहीं थी, बाद में जब हमलोगों की सरकार बनी तो मैंने सबसे पहले वहां की व्यवस्था को दुरुस्त करवाया। जब भी मुझे कहीं कोई कमी दिखाई पड़ती है तो उसे मैं ठीक करवाता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) को भी बड़ा और अच्छा बनवाया जा रहा है। पीएमसीएच को 5462 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश अस्पताल बनाया जा रहा है ताकि मरीजों का इलाज और बेहतर ढंग से हो सके। इस अस्पताल का पहले से काफी नाम है। यहां से पढ़े हुए लोग चिकित्सा के क्षेत्र में देश-विदेश में नाम कर रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में तथा देश के बाहर भी जब मैं कहीं जाता हूं तो यहां से पढ़े हुए कई डॉक्टर मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार में आए तो आईजीएमएस को भी बेहतर बनवाया, वहां की व्यवस्था को ठीक किया गया। सात निश्चय 2 में बाल हृदय योजना की शुरूआत की गयी। इसके तहत जन्म से हृदय में छेदवाले बच्चों का निःशुल्क इलाज करवाया जाता है। अहमदाबाद स्थित सत्य साईं अस्पताल से करार किया गया है जहां ऐसे बच्चों का इलाज होता है। हमलोग ऐसे बच्चों के इलाज के लिये वहां भेजने एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करायी।

### आईजीआईएमएस में की गई है मुफ्त इलाज की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे, जो अब बढ़कर 13 हो गए हैं। कई अस्पतालों का और विस्तार किया जा रहा है। आईजीआईएमएस, पटना में 2500, एनएमसीएच, पटना में 2500, एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर में 2500, एएनएमसीएच, गया में 2500 बेड, डीएमसीएच, दरभंगा में 2500 बेड का विस्तार किया जा रहा है। राजवंशी नगर अस्पताल को हड्डी रोग के इलाज का विशिष्ट अस्पताल बनाया गया है जिसका नामकरण हमने लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल किया है। आंख के लिए राजेंद्र नगर अस्पताल को विशिष्ट अस्पताल बनाया गया है। डायबिटीज के लिए न्यू गार्डिनर अस्पताल को विशिष्ट अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। गरीब-गुरबों के इलाज के लिए भी सरकारी मदद की जा रही है। आईजीआईएमएस में रोगियों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है।

# कांग्रेस ने बिहार को बर्बाद किया है: प्रशांत

**केटी न्यूज/पटना**



जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार के संदर्भ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शनिवार को हमला बोला। उन्होंने सीतामढ़ी में कहा कि राहुल गांधी को बिहार से क्या मतलब है? आप बताइए जरा कि राहुल गांधी को बिहार में पिछली बार कब देखा था? बिहार के मुद्दे पर आपने कभी बोलते हुए सुना? कांग्रेस ने तो 40 सालों तक बिहार को बर्बाद किया है। यही कारण है कि बिहार की जनता ने इतनी समझदारी दिखाई कि कांग्रेस को बिहार से पूरे सिरे से काटकर फेंक दिया। आज कांग्रेस का बिहार में कोई नाम लेने वाला नहीं है। कई बार मुझसे कहते हैं कि आप कांग्रेस की शिकायत नहीं करते हैं। कांग्रेस ने जो बिहार में गलती की उसका खामियाजा उन्होंने भुगता।

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में कांग्रेस साल 1990 तक रूलिंग पार्टी हुआ करती थी। आज कांग्रेस का पांच प्रतिशत वोट बिहार में नहीं है। बिहार में 1990 के बाद से जो 3 दल हैं। पिछले 32 सालों से बिहार को चला वो रहे हैं लालू, नीतीश और बीजेपी तो इन तीनों पर सवाल नहीं खड़ा करेंगे? तो क्या शिवसेना पर सवाल खड़ा करेंगे? आगे उन्होंने कहा कि गरीब की बात करने वाले ये बोल रहे हैं कि कर्नाटक में महिलाओं को तीन हजार रुपये देंगे। कर्नाटक की महिला ज्यादा गरीब है या बिहार की महिला ज्यादा गरीब है? अगर कर्नाटक की महिला को 3 हजार रुपये मिलना चाहिए तो कांग्रेस के लोग बिहार में सरकार में शामिल हैं तो जरा बताइए कि बिहार की महिलाओं को क्यों नहीं एक हजार भी दिलवा रहे हैं? ये किस भ्रम में आप लोग पड़े हैं इन लोगों से क्या सवाल करें?

# विरोध नहीं होगा तो हर आदमी को जाना पड़ेगा नमाज पढ़ने: गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में चल रहे नवम वर्ग के संस्कृत विषय की परीक्षा में इस्लाम धर्म से संबंधित दस सवाल पूछे जाने को लेकर राजनीति तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि लालू और नीतीश बिहार को इस्लामिक स्टेट बनाने और संस्कृत का इस्लामीकरण करना चाह रहे हैं। गिरिराज सिंह ने शनिवार को कहा है कि अगर समय रहते हम सब नहीं जगे तो वह दिन दूर नहीं, जब सभी लोगों को नमाज पढ़ने जाना पड़ेगा। बिहार में संस्कृत की परीक्षा में इस्लाम से जुड़ा सवाल पूछा गया, वह चौंकाने वाला है। एक प्रश्नपत्र में दस सवाल इस्लाम से संबंधित पूछा गया है। संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष कहते हैं कि यह सिलेबस में है, संस्कृत के सिलेबस में इस्लाम कहां से आ गया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार सनातन संस्कृति इस्लामीकरण करने की कोशिश कर रही है। आने वाले दिनों में इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। अगड़ा और पिछड़ा अगर एकजुट होकर विरोध नहीं करेंगे तो आने वाले दिनों में हर आदमी को नमाज पढ़ने जाना पड़ेगा। नमाज पढ़ना है तो नीतीश कुमार जाकर पढ़ लें, हमारे ऊपर इस तरह से प्रहार नहीं करें। गिरिराज सिंह ने कहा हमलोग गांव-गांव जाकर संस्कृत के इस्लामीकरण का विरोध करेंगे। लोग हमारे संबंध में कहते हैं कि वे हिंदू मुसलमान की बात करते हैं। लेकिन गिरिराज हिंदू-मुसलमान नहीं करता है।

# जदयू विधायक पर बदमाशों ने तानी बंदूक

**केटी न्यूज/नालंदा**

- नालंदा में जदयू के विधायक कृष्ण मुरारी पर बंदूक तान बदमाशों ने की गाली-गलौज
- मामले की जांच के लिए पुलिस टीम का गठन, दो लोग किए गए गिरफ्तार

बिहार सरकार भले ही कानून व्यवस्था को लेकर खुद की पीठ थपथपाती रही है, लेकिन अपराधियों का मनोबल कितना बढ़ गया है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आम तो आम अब विधायक भी अपराधियों के निशाने पर हैं। ऐसा ही एक मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा से सामने आया है, जहां उनकी ही पार्टी जदयू के विधायक कृष्ण मुरारी शरण का अपराधियों से सामना हो गया। अपराधियों ने विधायक पर पिस्तौल तान दी। गनीमत रही कि अपराधियों ने फायरिंग नहीं की।

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 31 अक्टूबर को नालंदा जिले के पटेल कॉलेज आ रहे हैं। उन्हीं के कार्यक्रम के सिलसिले में हिलसा क्षेत्र के विधायक कृष्ण मुरारी शरण शुक्रवार शाम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर लौट रहे थे। पटेल कॉलेज से थोड़ी दूरी पर हथियार से लैस 2 बाइक पर सवार पांच से छह अपराधी अचानक उनकी गाड़ी के आगे आ गए और उन्हें रुकवाया। इसके पहले कि कोई कुछ समझ पाता अपराधियों ने उन पर पिस्तौल तान दी, साथ ही विधायक और अन्य लोगों से अभद्र भाषा में बोलने लगे। इसके बाद जब विधायक के अंगरक्षक गाड़ी से बाहर उतरे तो अपराधी भाग गए।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस मामले की जांच के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। गठित टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान कौशिक नगर निवासी जोधी यादव और अमित कुमार के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि शेष लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में आपराधिक इतिहास भी रहा है। उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों की हिम्मत इतनी हो गई है कि वे खुलेआम कह रहे हैं कि ठोक देंगे कपार में। बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पहले ऐसी कभी नहीं हुई थी। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है।



## खबरें फटाफट

### शराब के साथ दो धराए, बाइक जब्त

**चौगाई।** मुरार थाने के पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के चौगाई गांव के समीप से शराब की खेप के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारियों में एक पहले से ही शराब मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने एक बाइक भी जब्त की है। गिरफ्तार किए गए शराब कारोबारियो की पहचान चौगाई के सुधीर सिंह तथा ओझा बराव के गुड्डू ओझा के रूप में की गई है। इनमें सुधीर सिंह पहले से शराब मामले में फरार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि दो तस्कर शराब की खेप की होम डिलीवरी देने जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने जाल बिछा बाइक चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान दोनों वहां पहुंचे तलाशी के दौरान डिग्गी से 10 टेट्रा पैक शराब मिला। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है।

### पुलिस ने पकड़ी शराब, एक गिरफ्तार दूसरा फरार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने चिलहरी गांव में छापेमारी कर छिपाकर रखे गये 24 बोतल अंग्रेजी शराब को बरामद करने में सफलता पायी है। इस मामले में एक कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़ा जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी से कड़ी पूछताछ की और फरार आरोपी की पहचान कर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गांव में शराब का कारोबार चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम गठित कर चिन्हित ठिकाने पर छापेमारी की गयी, जहां से 375 एमएल के 15 बोतल और 750 एमएल के 9 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, जहां से पकड़े गये आरोपी की पहचान चिलहरी गांव निवासी आलोक सिंह एवं फरार आरोपी की पहचान अभिषेक सिंह के रूप में हुई है।

### गृह प्रवेश से पहले चोरों ने समरसेबल का मोटर उड़ाया

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव में गृह प्रवेश से पहले ही अज्ञात चोरों द्वारा घर में लगाये गये समरसेबल के मोटर की चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नंदन गांव निवासी विजय कुमार गोंड ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपने नये घर मे समरसेबुल बोरिंग के साथ लगाया था। रात्रि पहर चोरों ने दीवार से सीढ़ी लगाकर अंदर घुस आये और समरसेबल का बोरिंग, पाइप सहित कई अन्य सामान चोरी कर चलते बने। अगले दो दिन बाद गृह प्रवेश का मुहूर्त तय था, जिसकी तैयारी में जुटा था। रात्रि पहर जब नये घर मे पहुंचा तो सारा सामान बिखरा था और बोरिंग के मोटर सहित कई अन्य सामान गायब थे। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की पहचान करने में जुटी है।

# डेंगू से बचाव के लिए डुमरांव नगर परिषद ने कसी कमर, हर दिन हो रही फॉगिंग

- एक दिन में छह से सात वार्डों में करवाया जा रहा है फागिंग, मच्छर जनित बीमारियों से मिलेगी मुक्ति

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहरवासियों को अब मच्छरजनित डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया जैसी बीमारियों से जल्दी ही मुक्ति मिलने वाली है। डुमरांव नगर परिषद ने इस बार मच्छरों की तादात रोकने तथा शहरवासियों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है। उस पर कवायदें भी शुरू हो गई है। डेंगू व मलेरिया जैसे मच्छरजनित बीमारियों के डुमरांव से सफाया के लिए डुमरांव नगर परिषद हर दिन अलग-अलग वार्डों में फागिंग करा रही है। एक दिन में छह से सात वार्डों में घुम घुमकर फागिंग करवाया जा रहा है। जिससे मच्छरों से मुक्ति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। बता दें कि डुमरांव व आस पास के क्षेत्रों में मच्छरों की बड़ी तादात है।

वहीं पिछले कुछ दिनों में डुमरांव में मलेरिया व डेंगू के कई मरीज भी सामने आ चुके है। जिसे देखते हुए नगर परिषद की यह कवायद काफी महत्वपूर्ण बन गई है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि मच्छरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए वार्डों में फॉगिंग शुरू की गई है। इसके लिए वार्ड और कर्मियों का रोस्टर तैयार किया गया है। इस बार पूरी पारदर्शिता के साथ रोस्टर तैयार किया गया है। किस वार्ड में कितना ईंधन का खपत होना है, इसकी भी जानकारी दी गई है। प्रत्येक दिन 6-8 वार्डो में फॉगिंग किया जाना है। इसके लिए टीम तैयार कर दिया गया है। प्रत्येक दिन कर्मी निर्धारित वार्डो में निर्धारित समय के अनुसार फॉगिंग करेंगे। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के अंदर सभी वार्डो में फॉगिंग का कार्य पूरा करना है। वार्ड संख्या 1 से शुरू किया गया है। प्रत्येक दिन 6-8 वार्डो में फॉगिंग करने का आदेश दिया गया है।

एक सप्ताह तक फॉगिंग का काम पूरा कर लेना है। शाम 4 बजे से फॉगिंग का कार्य शुरू किया जाएगा और जब तक पूरा वार्ड कवर नहीं हो जाता कर्मियों को नहीं लौटना है। निगरानी के लिए नप कर्मियों एवं प्रधान सहायक को जिम्मेवारी दी गई है। इसके अलावे नाला में भी एन्टी लार्वा का स्प्रे कराने का निर्देश भी दिया गया। मुख्यपार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि सभी वार्डों में छिड़काव का जीपीएस लोकेशन फोटो भी एक ग्रुप में भेजा जाएगा। इस अभियान के तहत शहर को डेंगू मुक्त कर दिया जाएगा। इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर परिषद के इस प्रयास से शहरवासियों की खुशी बढ़ गई है। शनिवार को भी नगर के मुख्य पथ स्टेशन रोड समेत कई अन्य मार्गों पर नगर परिषद की फागिंग मशीन धुआं छोड़ते नजर आ रही थी।

## डुमरांव रेलवे ट्रैक की सड़क गड्ढों में तब्दील, हादसे का खतरा

# एनएच 120 मुख्य सड़क बना खास, रेलवे गुमटी की सड़क बनने की टूटने लगी आस

- ट्रैक की सड़क गड्ढे में तब्दील होने से अक्सर दो-तीन और चार पहिया वाहन गड्ढे में फंस जाते हैं
- इस सड़क पर ओवरब्रिज नहीं बनने से यह लोगों की परेशानी का सबब बन गया है

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भोजपुर-बिक्रमगंज मुख्य सड़क को एनएच 120 का दर्जा मिला और यह सड़क अनुमंडल के लिए खास बन गया। इस सड़क से गुजरने वाले वाहन दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव स्टेशन स्थित पश्चिमी गुमटी पर काफी मशक्कत करते हैं। रेलवे ट्रैक की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है, जहां आते-जाते दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन गड्ढे में फंस जाते है और वाहनों के पलटने का खतरा भी बना रहता है।

रेलवे ट्रैक की सड़क जानलेवा बनने के बाद भी रेल विभाग उदासीन बना है और यहां हादसे का खतरा बना रहता है। इस सड़क पर ओवरब्रिज नहीं बनने से लोगो के परेशानी का सबब बन गया है। गुमटी के बंद होने से महाजाम की स्थिति बन जाती है। तपती गर्मी व लू के थपेड़ों में भी लोग घंटो जाम में फंसे रहते है। राहगीरों के सब्र का बांध टूटने से गुमटी बंद होने के बाद भी रेलवे ट्रैक को वह खुलेआम पार करते नजर आते हैं। इस परिस्थिति में आये दिन लोग हादसे का शिकार बनते है। रेल पटरी पार करने के दौरान कई लोग अपनी जान गंवा बैठे हैं फिर भी लोग जान जोखिम में डालकर पटरी को पार करते है। इस समस्या से निजात पाने के लिए करीब तीन वर्ष पूर्व ही सड़क ओवरब्रिज निर्माण को लेकर पहल शुरू हुई थी। रेल विभाग की टीम ने निर्माण के लिए मिट्टी सहित अन्य तकनीकों की जांच किया था। विभाग द्वारा मानक पूरा करने के बाद भी सड़क ओवरब्रिज निर्माण का मामला अधर में लटका है। बताया जाता है कि डुमरांव एक ऐसा स्टेशन है जो राजस्व के मामले में भले ही अव्वल है लेकिन यात्री सुविधाओं के मामले में फिसड्डी साबित हो रहा है।

यात्री कल्याण समिति ने बताया कि सड़क ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर बक्सर सांसद ने पूरा कराने का वादा किया था। दोबारा मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद विकास की आस जगी थी लेकिन लोगों को ओवरब्रिज बनने का सपना धुंधला पड़ने लगा है।

### रेलवे ट्रैक की सड़क जानलेवा बनने के बाद भी रेल विभाग उदासीन



### दो एनएच को जोड़ती है यह गुमटी

स्टेशन के पश्चिमी 64 नंबर गुमटी की मुख्य सड़क एनएच 120 और एनएच 922 को जोड़ती है। इस सड़क पर 24 घंटे में करीब 70 हजार वाहनों का आवागमन होता है। गुमटी के बंद होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है और महाजाम का नजारा बन जाता है। इस जाम में आलाधिकारियों के वाहनों के साथ-साथ एम्बुलेंस व स्कूली बसे भी फंसी रहती है। गुमटी के खुलने के बाद भी वाहनों को पार करनेमे काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

### हर रोज आठ घंटे बंद रहती है गुमटी

डुमरांव रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को लेकर अप और डाउन में हर दिन करीब 50 ट्रेनों का आवागमन होता है। एक ट्रेन को पार कराने में संभावित रेल गुमटी 10 मिनट बंद रहती है। इस तरह 50 ट्रेनों के आवागमन में करीब आठ घंटे हर रोज रेल गुमटी बंद रहती है, जिस वजह से राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यात्री रोहित, राजकुमार, श्याम जायसवाल, मनीष, महेंद्र राय, कृष्णा चंद्रवंशी का कहना है कि रेलवे गुमटी पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था होने से वाहनों के आवागमन होने में राहत मिलेगी।

### क्या कहते हैं लोग



**डॉ सुभाष चंद्रशेखर** - रेलवे पश्चिमी गुमटी पर एक तरफ महाजाम की स्थिति बनी रहती है तो दूसरी तरफ रेलवे ट्रैक की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है, जिसे पार करने में हादसे की आशंका रहती है और वाहन के साथ पार करने में भय बना रहता है।



**मोहन गुप्ता** - रेलवे ट्रैक की सड़क के गड्ढे में अधिकांशतः चार पहिया वाहन फंस जाते हैं, जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। ट्रेन आने का डर तो रहता ही है, पीछे वाले वाहन से भी टकराने का खतरा बना रहता है।



**अविनाश सिंह**- अनुमंडल का यह मुख्य सड़क है। इस सड़क के पश्चिमी रेलवे गुमटी का ट्रैक सड़क पर जान हथेली पर लेकर वाहन को पार करते हैं। गड्ढे में फंसते ही भगवान को याद करते है।



**विजय साह** - डुमरांव अनुमंडल का इस मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव रहता है। पश्चिमी गुमटी के रेलवे ट्रैक सड़क जानलेवा बन गया है। इसमें सुधार होना चाहिए।

## एक नजर

### लाखन डिहरा पोखरा स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**डुमरांव।** प्रखंड के लाखन डिहरा पोखरा स्थित शिव मंदिर, काली मंदिर एवं हनुमान मंदिर के प्रांगण में विगत गुरुवार से ही आयोजित हुए तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था। तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पहले 24 घंटे के लिए अखंड श्री राम चरित्र मानस पाठ हुआ। बता दें कि इस मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों द्वारा प्रति वर्ष इस तरह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन के साथ भव्य हवन किया जाता है। यह विगत 49 वर्षों से होते चला आ रहा है। इस दौरान कथा का रसपान श्री 1008 भागवत भूषण श्री अशोक दास जी महाराज श्रीधाम अयोध्या जी की शिष्या किशोरी प्रज्ञा पांडेय द्वारा श्रद्धालुओं के बीच कराया गया जो काफी आकर्षक रहा। गौरतलब है कि किशोरी प्रज्ञा पांडेय रामपुर गांव की रहने वाली है। जिनका उम्र अभी मात्र 16 वर्ष है। इतनी कम उम्र में ही उन्होंने भक्ति का अलख जगाने का निर्णय ले लिया है। जो काफी सराहनीय है तथा आज की परिवेश में अन्य बालक बालिकाओं के लिए प्रेरणाश्रोत है। किशोरी प्रज्ञा पांडेय का कहना है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को पठन-पाठन के साथ-साथ सत्संग मार्ग से जोड़ें। क्योंकि संस्कार जरूरी है। इसलिए कि संस्कारी व्यक्तियों की पूजा हर जगह होती है। इस तरह उनके द्वारा कई ज्ञान से संबंधित बातें लोगों के बीच प्रादर्शित की गई। कथा कार्यक्रम तीन दिनों तक चला। जहां कथा सुनने के लिए श्रद्धालु श्रोताओं की भीड़ जुटती रही। संगीतमय कथा में नाल पर उमाशंकर, जोड़ी पर अखिलेश पांडे, बैंजो पर छठ्ठू, पैड पर निरंजन कुमार आदि द्वारा भूमिका निभाई गई। तथा कार्यक्रम समापन के बाद भव्य पूजन हवन हुआ तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां अनेको लोग भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किये। कार्यक्रम से गांव तथा आस पास के क्षेत्रों में भक्तिरस की अविरल धारा बह रही थी। कार्यक्रम का नेतृत्व समस्त ग्रामीण के सहयोग से प्रोफेसर नंद जी दुबे द्वारा किया गया। जिसमें इंटर कॉलेज डुमरांव भूगोल विभाग व्याख्याता डॉ संजय कुमार सिंह, ग्रामीण के श्रीमन नारायण दुबे, अर्जुन पाठक, रामेश्वर दुबे, शिवहर दुबे, अरविंद चतुर्वेदी समेत समस्त ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

### समन्वय समिति की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहे कई आधिकारी, मांगा गया स्पष्टीकरण

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। बैठक में जीविका, कन्या उत्थान योजना, जननी सुरक्षा योजना, धान अधिप्राप्ति योजना सहित अन्य प्रखंड स्तरीय सभी विभागों का कार्यक्रमों की समीक्षा संबंधित अधिकारियों के साथ की गई। साथ ही कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। वही बैठक में कई विभाग के अधिकारियों के अनुपस्थित रहने के कारण उन विभागों का समीक्षा नहीं हो पाया। वही मनरेगा के कनीय अभियंता के बैठक में शामिल होने बाद भी कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं हो पाया। जिससे मनरेगा योजना में काफी अनियमित होने की संभावना जताई जा रही है। इस संदर्भ में बीडीओ ने बताया कि मनरेगा विभाग द्वारा समीक्षा बैठक में कनीय अभियंता के उपस्थित होने के बाद भी कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को देते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को लिखा जायेगा। वही लगभग एक दर्जन विभाग के संबंधित अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर जिले के वरीय अधिकारियों को रिपोर्ट सुपुर्द करते हुए संबंधित विभाग को करवाई के लिए भेजा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जीविका बीपीएम धर्मवीर गुप्ता, बीपीआरओ सुनील कुमार रजक, डीआरपी राकेश कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी विनय कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**इनसे मांगा गया स्पष्टीकरणः** प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, बिजली विभाग के सहायक व कनीय अभियंता, टेक्निकल असिस्टेंट पंचायती राज, पीओ मनरेगा, कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### ठोरी पांडेयपुर हनुमान मंदिर की वार्षिक पूजा संपन्न



**चौगाई।** स्थानीय प्रखंड के ठोरी पांडेयपुर गांव के हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूम धाम से संपन्न हो गया। वार्षिक पूजा में विद्वान ब्राह्मणों के नेतृत्व में वैदिक विधान, मंत्रोच्चार तथा हनुमानजी के जयकारे के साथ पूजा संपन्न कराई गई। इस पूजा को संपन्न कराने में ग्रामीणों का योगदान सराहनीय रहा। मिली जानकारी के अनुसार सन 1962 में इस मंदिर की स्थापना की गई थी। वही तीन साल पहले मंदिर भवन का जीर्णोद्धार तथा हनुमान जी के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। स्थापना काल से ही अश्विन मास में शरद पूर्णिमा को संकटमोचन बजरंगबली की वार्षिक पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम के साथ वैदिक विधान से की जाती है। इस पावन अवसर पर हनुमान मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। वैदिक पं.अंकुश उपाध्याय और धर्मदेव पांडेय के नेतृत्व में संपन्न हुए इस पूजा में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। वार्षिक पूजा अर्चना और हवनादि के उपरांत पूजा में शामिल श्रद्धालु भक्तजनों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

## प्लस 2 उच्च विद्यालय महदह में 50 हजार नकद व कंप्यूटर चोरी

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय महदह में बीती रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़ भीषण चोरी कर ली है। जिसमें लगभग 50 हजार नकद कंप्यूटर समेत अन्य सामानों के साथ जरूरी कागजातों की भी चोरी कर ली गई है। घटना बीती रात की है। सुबह में नाईट गार्ड ने प्रधानाध्यापक को फोन कर स्कूल में चोरी होने की जानकारी दी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में 9 वीं व दसवी का मासिक टेस्ट चल रहा है। शुक्रवार को प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षकों के साथ स्कूल शाम को बंद कर अपने घर चले गए इस दौरान सब कुछ व्यवस्थित और ठीक ठाक था। वहीं स्कूल के गार्ड भी विद्यालय में रहते है और रात में कुछ तबीयत खराब था। लेकिन सुबह अहले गेट का ताला खोल बाहर चले गए और सुबह महिलाएं स्कूल में शनिवार को स्कूल परिसर में विशाल पेड़ की पूजा करने पहुंची। इस दौरान देखी की कार्यालय खुला हुआ है और सारा समान अस्त व्यस्त है। जिसे देखने के लिए महिलाओं की काफी भीड़ जुट गई तभी गार्ड भी आ गया। गार्ड ने ही प्रधानाध्यापक सुरेंद्र राम को फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक शेषनाथ दुबे और अन्य शिक्षक पहुंचे और कार्यालय का मंजर देख आवक रह गए।

## भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष हिरासत में, भड़के लोग

**केटी न्यूज/बक्सर**



भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष बब्लू अजाद को पुलिस ने आधी रात हिरासत में ले लिया। जिसकी जानकारी मिलते ही उनके पार्टी के कार्यकर्ता भड़क गए और बक्सर सदर एसडीपीओ कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान भीम आर्मी समर्थक जमकर नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद एसडीपीओं धीरज कुमार के द्वारा समझा बूझाकर शांत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष बब्लू आजाद को डेढ़ माह पूर्व हुई सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिघनपुरा गांव स्थित पीएबी बैंक में लूट मामले में पूछताछ के सिमरी पुलिस के द्वारा हिरासत में लिया गया है। जिसके बाद प्रदर्शनकारी कार्यकर्ता सिमरी थाना के लिए निकल गए। वहां पहुंच कर हंगामा करने लगे।

थानाध्यक्ष अमन कुमार ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और बताया कि पूछताछ में निर्दोष साबित होने पर उन्हें छोड़ दिया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि बक्सर के नई बाजार वार्ड 10 निवासी बब्लू आजाद को बैंक लूटकांड में शक के आाधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं भीम आर्मी के उपाध्यक्ष सुरेश आजाद ने बताया कि वे शहर के नयाबाजार इलाके के रहने वाले हैं। उनके खिलाफ किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है। न ही वे अपराधी हैं। जब हम लोगों ने एसडीपीओ कार्यालय का घेराव किया तो पता चला उन्हें सिमरी थाने में रखा गया है। ऐसा किस आधार पर हुआ है।

## प्रखंड के ई-किसान भवन में रबी महोत्सव 2023 सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# रबी महोत्सव में किसानों को जैविक खेती अपनाने को किया गया प्रेरित

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शनिवार को स्थानीय प्रखंड के ई-किसान भवन में रबी महोत्सव 2023 सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आत्मा व कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती अपनाने तथा फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उदघाटन जिला कृषि पदाधिकारी शत्रुधन साहु, आत्मा के प्रखंड अध्यक्ष हरेराम पांडेय, रामजी सिंह, राजु राय, भरत तिवारी, बेबी कुमारी उप परियोजना निदेशक, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेखर कुमार तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी गोपाल प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने रबी में संचालित योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विष्णु ने बागवानी, मसाला फसल, फूल की खेती व मशरूम खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी। जिला कृषि पदाधिकारी ने प्रणाली प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा किया। आत्मा की उप परियोजना निदेशक ने समूह निर्माण के लिए महिला कृषकों को प्रेरित करने के साथ अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भूमि संरक्षण निदेशक ने कुआं निर्माण, जीर्णोद्धार व सूक्ष्म सिंचाई तथा चेकडैम निर्माण पर अपने विचार साझा किए।

कृषि समन्वयक राजेश्वर प्रसाद ने जैविक खेती को बढ़ाव देने के लिए जैविक किटनासी, कवकनासी व उर्वरक निर्माण विधि की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन का दायित्व कृषि समन्वयक मृत्युजय मिश्र ने किया। उन्होंने समसामयीक चर्चा के साथ-साथ यांत्रिकरण योजना पर प्रकाश डाला। पौधा संरक्षण विभाग की पर्यवेक्षिका नीना राय ने भी किसानों को कई अहम जानकारियां दी। धन्यवाद ज्ञापन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने किया। मौके पर कल्याणी कुमारी, महनाज खातून, राजीव रंजन, श्याम यादव, विजय कुमार सिंह, अरूण चतुर्वेदी तथा किसान सलाहकार सदाशिव राय, दिलीप कुमार शर्मा, अमरेश तिवारी, कन्हैया लाल प्रसाद, मनीष प्रताप, हरी भागवान प्रसाद, जितेन्द्र चौधरी, इंद्रजीत कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव संपन्न

■ भरत मिलाप की झांकी व आयोजन में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वालों को किया पुरस्कृत

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर आयोजित 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव शुक्रवार की देर रात भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ ही संपन्न हो गया। अंतिम दिन रामलीला कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम के राजतिलक के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि भरत मिलाप के पश्चात अन्य भाइयों और नगर वासियों से मिलते हुए प्रभु श्रीराम सर्वप्रथम माता कैकेयी के महल में जाते हैं और उनसे मिलने के बाद ही माता कौशल्या सहित पूरे राज परिवार से मिलते हैं। वे अपने साथ ले आए सखाओं को मुनि वशिष्ठ से परिचय कराते हैं। उसके बाद वशिष्ठ मंत्री सुमंत को बुलाकर राजतिलक की तैयारी करवाते हैं। पूरा अवधपुरी सजने लगता है। राजतिलक की शोभा बढ़ाने वहां हाथी, घोड़ा, ऊंट सभी आते हैं। तैयारी पूरी होने के बाद गुरु वशिष्ट ने भगवान श्री राम को प्रथम तिलक लगाते हैं। इसके बाद सभी ब्राह्मण व अन्य प्रभु श्री राम को तिलक लगाते हैं। पुत्र को सिंहासन पर देख सभी माताएं हर्षित होकर आरती उतारती है।

समापन कार्यक्रम का संचालन समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश संगम एवं स्वागत भाषण व धन्यवाद ज्ञापन सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में सहायक आयुक्त (जीएसटी) रंजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में अवकाश प्राप्त सुरक्षा पदाधिकारी (प.बंगाल) महेश जायसवाल के अलावे रेडक्रॉस के सचिव डा. श्रवण कुमार तिवारी, कृष्ण कुमार वर्मा, कमलेश्वर तिवारी उपस्थित थे।

### भरत मिलाप में झांकी प्रस्तुत करने वाले सम्मानित

भगवान श्री राम के राजतिलक के पश्चात जमुना चौक पर हुए भरत मिलाप के दौरान विभिन्न पूजा समितियों एवं संस्थाओं द्वारा निकाले गए आकर्षक लाग, झांकी को आरके ज्वेलर्स बक्सर के सौजन्य से सिल्ड, दुपट्टा, मेडल प्रदान किया गया और समिति द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें लाग के लिए प्रथम पुरस्कार उत्तरी चौमुहानी, ठठेरी बाजार को छठ माता का व्रत करते हुए विषयक के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं झांकी में अशोक वाटिका के दृश्य में हनुमान जी के द्वारा सीता माता को मुद्रिका देते हुए विषय के लिए बड़ी देवी को प्रथम, हनुमान जी द्वारा श्रीराम के समक्ष सीना चीर कर प्रभु के दर्शन कराने के दृश्य पर उत्तरी चौमुहानी, ठठेरी बाजार को द्वितीय, एवं ताड़का, मारीच, सुबाहु असुरों द्वारा ऋषियों को आतंकित करने के दृश्य पर झांकी के लिए वीर एकलव्य, मल्लाह टोली को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं अन्य झांकियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान विजयादशमी महोत्सव में उत्कृष्ट योगदान के लिए समिति के सदस्यों, मीडिया कर्मी, व समाज से जुड़े लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### डीएम और एसपी ने मंडल कारा काको में स्थित स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन द्वारा संयुक्त रूप मंडल कारा, काको में अवस्थित स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी ने मंडल कारा, काको के निरीक्षण में कारा अधीक्षक को निदेश दिया गया कि कारा के कैदियों के लिए चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करें। साथ ही टीवी रोग, हाईपरटेंशन, सुगर एवं डाइविटीज के कैदियों को नियमित रूप से जांच किया जाए। जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि कैदियों को बीमारियों के बीमारीवार अलग अलग पंजी का संधारण करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि उत्पाद यथा -शराब व्यवसाई अथवा शराब के मामले मे आये कैदियों का नियमित जांच करेंगे।

### गया पटना रेल खंड पर ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**जहानाबाद।** गया पटना रेल खंड पर बाणवर हाल्ट के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्ष व्यक्ति की मौत हो गई इस घटना रेल थाने के पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल जहानाबाद भेज दिया है लेकिन इस व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है पुलिस अपने स्तर से पहचान में जुट गई है पुलिस का कहना है कि इस व्यक्ति की पहचान के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

### जहानाबाद तलवारबाजी की टीम पटना से ओपन ट्रायल खेल आई वापस

**जहानाबाद:** विद्यालय खेल जहानाबाद तलवारबाजी की टीम पटना से ओपन ट्रायल खेल कर जहानाबाद वापस आई। जहानाबाद तलवारबाजी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत सराहनीय रहा। राज्य स्तरीय तलवारबाजी चयनित प्रतियोगिता में 18 से 20 जिले के खिलाड़ी भाग लिए। ये प्रतियोगिता पटना जिला खेल पधाधिकारी श्री ओम प्रकाश जी के देख-रेख में सुचारू ढंग से प्रतियोगिता का समापन हुआ।प्रतियोगिता के कार्य पाधग्लधिकारी के रूप में रवि कुमार (एनआईएस) कोच, राजन कुमार (खेलो इंडिया) कोच, संजन कुमार(पटना सचिव),चंदन कुमार (पटना एक्सक्यूटिव सदस्य), गोपाल (प्रशिक्षक),अन्नू शक्ति सिंह (जहानाबाद सचिव) जिम्मेदारी बखूबी निभाया।

जहानाबाद तलवारबाजी संघ के सचिव अन्नू शक्ति सिंह ने कहा की जिले से 16 खिलाड़ी भाग लिया था जिसमे से 9 खिलाड़ी राष्ट्रीय विद्यालय खेल तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। जहानाबाद पहुंचने पर जनता भव्य स्वागत किया । जहानाबाद विद्यालय खेल तलवारबाजी की टीम में 5 विद्यालय से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

## हसन बाजार ओपी क्षेत्र के जमुनीपुर गांव की घटना, तीन लोग गिरफ्तार

# सीढ़ी प्लास्टर करने के विवाद में हिंसक झड़प, किसान की मौत

■ मारपीट में मृत किसान के भाई और भतीजों समेत दोनों पक्षों के आधा दर्जन जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के हसन बाजार ओपी क्षेत्र के जमुनीपुर गांव में सीढ़ी प्लास्टर करने के विवाद में शुक्रवार की सुबह दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और रॉड से जमकर मारपीट हुई। उसमें एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गयी,जबकि दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। घायलों में मृत किसान के भाई और भतीजे भी शामिल हैं। उनमें चार का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के दो घायलों का इलाज पीरो पीएचसी में कराया गया।



मृतक जमुनीपुर गांव निवासी स्व. गुलाब चंद चौधरी के 62 वर्षीय पुत्र कृष्णा चौधरी थे। घायलों में उनके छोटे भाई राम प्रवेश सिंह, चचेरे भाई अयोध्या चौधरी, भतीजे शशि सुमन कुमार और रवि कुमार शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के घायलों में शिव प्रकाश सिंह और भुनेश्वर सिंह शामिल है। किसान की हत्या का आरोप गांव के ही पंद्रह-सोलह लोगों पर लगाया गया है। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है।

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार रजक के नेतृत्व में पहुंची पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें दशरथ सिंह, भुवनेश्वर सिंह एवं शिव प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे पक्ष के भी दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इधर, मृत किसान भाई राम प्रवेश सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह वह घर के गेट पर बनी सीढ़ी का प्लास्टर करा रहे थे। तभी भुवनेश्वर सिंह, शिवप्रसाद सिंह व सतीश कुमार पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए सीढ़ी का प्लास्टर कराने से मना करने लगे। उस पर उन्होंने कहा सीढ़ी मेरी जमीन में है।

उसके बाद उनलोगों द्वारा उनके साथ मारपीट की जाने लगी। उसके बाद भुवनेश्वर सिंह के पक्ष के 15-16 लोग पहुंच गये और रॉड एवं लाठी डंडे से घर के सभी लोगों की जमकर पिटाई की जाने लगी। तब आलू रोपकर घर लौट रहे उनके बड़े भाई कृष्णा चौधरी बीच-बचाव करने लगे। उस दौरान उन लोगों द्वारा उनकी भी लाठी-डंडों और रॉड से उनको बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनके भाई कृष्णा चौधरी की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि सीढ़ी प्लास्टर कराने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई है। एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। तीन लोगों को गिरफ्तार किए गए हैं।

### जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**समाहरणालय, जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन के संयुक्त अध्यक्षता में आज हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत तीर्रा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर हुलासगंज प्रखंड के तीर्रा पंचायत की मुखिया अवधेश पंडित के द्वारा जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन, उप विकास आयुक्त पारितोष कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों को पौधा देकर अभिवादन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभा को संबोधित करते हुए जन संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित ग्रामीणों से पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु फीडबैक देने की अपील की गई। लाभुकों से अपने अनुभवों को साझा करने का अनुरोध करते हुए, बताया गया कि उनके द्वारा दिए जाने वाले सुझावों और प्रतिक्रियाओं का दस्तावेजी करण कर सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित किया जाना है। जन संवाद कार्यक्रम एक पहल और प्रयास है कि पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मियों द्वारा आपसे समन्वय एवं निरंतर संवाद स्थापित किया जा सके।




### हाइवे पर लूटपाट की फिराक में घूम रहे दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार



■ बदमाशों के पास से एक कट्टा, एक गोली और दो मोबाइल बरामद, बाइक जब्त

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर लूटपाट की फिराक में घूम रहे दो अपराधियों को चरपोखरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार की शाम दुलौर टोला मोड़ के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक कट्टा, एक गोली और दो मोबाइल बरामद किये गये हैं। एक बाइक भी जब्त की गयी है। गिरफ्तार अपराधियों में सेमरांव के दुलौर टोला गांव निवासी वीरेंद्र सिंह उर्फ मंडल सिंह के पुत्र विमलेश कुमार और लालाबाबू सिंह के पुत्र भीम कुमार शामिल हैं। विमलेश कुमार पूर्व में भी लूट के मामले में जेल जा चुका है। एसडीपीओ राहुल सिंह की ओर से प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम एसपी प्रमोद कुमार यादव को सूचना मिली कि सेमरांव दुलौर टोला मोड़ के पास दो अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने फिराक में हथियार के साथ घूम रहे हैं। उस आधार पर एसपी द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी को उनके नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा द्वारा पुलिस बल के साथ तत्काल छापेमारी की गयी।

### जहानाबाद बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

**जहानाबाद।** बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना 20 लाख रुपए की जेवरात की चोरी यह घटना नगर थाना क्षेत्र के पूर्वी गांधी मैदान की है सुनील कुमार दुर्गा पूजा में पाठ करने के लिए अपने घोसी थाना क्षेत्र के बाजितपुर घर चले गए थे। जब लौट कर आए तो देखा कि घर का पीछे का दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ है। दीवान पलंग में रखा हुआ मंगलसूत्र हार सोना का सिकरी पायल इत्यादि कई सामान गायब है जैसे ही सारी जेवरात गायव पाया गया तो उनके होश उड़ गए उनका कहना है कि किसी जान पहचान व्यक्ति द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। घर से ज्वेलरी छोड़कर किसी सामान की चोरी नहीं हुई है। इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुट गई है लेकिन शहर में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही है। बंद घरों को लगातार चोरों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है।लगता है कि शहर में एक गिरोह काफी रूप से सक्रिय हो गया है और बंद घरों में घटना को अंजाम देते हैं। लेकिन पुलिस से गिरोह पकड़ में नहीं आ रहा है। जिसके कारण लगातार घटना को अंजाम दिया जा रहा है।

### आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर दुर्घटना में किसान की मौत

**मलौर गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप की घटना**

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप शुक्रवार के शाम स्कार्पियो ने मवेशी धोने जा रहे एक किसान को रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत किसान चरपोखरी थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव निवासी स्व. हवलदार सिंह के 48 वर्षीय पुत्र मुंद्रिका सिंह थे। उनके बेटे धनंजय सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार की शाम भैंस को नहलाने के लिए मलौर गांव स्थित बनास नदी के किनारे जा रहे थे। उसी दौरान मलौर गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप विपरीत दिशा से आ रही है स्कॉर्पियो ने उन्हें रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया।

#### पटना ले जाने के दौरान रास्ते में मौत

प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन अभी उन्हें इलाज के लिए पटना ले ही जा रहे थे। तभी उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उनके शव को वापस आरा सदर अस्पताल ले आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप के इकलौते संतान थे। मृतक के परिवार में पत्नी तेतरी देवी व दो पुत्र धनंजय सिंह,मंजय सिंह एवं एक पुत्री शीशम देवी है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। वही इस हादसे के बाद मृतक की पत्नी तेतरी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।




## शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में महिला ने जन्मा बच्चा, देखने वालों की लगी भीड़

# आरा में महिला ने एक साथ चार बच्चे को दिया जन्म

**केटी न्यूज/आरा**



आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में शनिवार की सुबह एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। जहां शनिवार की सुबह बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में बक्सर निवासी एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है एवं चारो बच्चे लड़के हैं। हालांकि उक्त महिला को चारों चारों बच्चे सिजेरियन से हुए हैं। महिला के एक साथ चार बच्चे के जन्म देते ही पूरे अस्पताल का माहौल बदल गया। देखते ही देखते उक्त महिला एवं नवजात चारों बच्चे को देखने की भीड़ इकट्ठी हो गई। वहीं एक साथ चार लड़के के पैदा होते ही उक्त महिला के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला बक्सर जिला के नैनीजोर थाना क्षेत्र के छोटकी नैनीजोर गांव निवासी भरत यादव की 32 वर्षीय पत्नी ज्ञानती देवी है। उक्त महिला के पति भरत यादव ने बताया कि वह महाराष्ट्र के पुणे में रहकर प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। उसकी शादी वर्ष 2013 के मई महीने में हुई थी। जबकि उसका गौना 2015 में हुआ था। शादी के चार साल बाद तक उसकी पत्नी को कोई बच्चा नहीं हुआ था। जिसको लेकर उसने एक निजी अस्पताल से चार वर्ष तक लगातार इलाज कराया और पूजा-पाठ भी कराया। उसके बाद वर्ष 2019 में उसकी पत्नी ज्ञानती देवी ने उसकी बेटी चांदनी को जन्म दिया। जो अभी 3 वर्ष की है। उसके बाद वर्ष 2019 में उसने एक बेटे हरी ओम को जन्म दिया। जो अभी डेढ़ वर्ष का है। उसने बताया कि शनिवार को उसकी पत्नी को काफी तेज दर्द हुआ जिसके बाद उसका प्रसव कराने के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया।

### चारों नवजात का सभी पैरामीटर नॉर्मल था

महिला चिकित्सक डॉ. गुंजन सिंह ने बताया कि महिला को प्रेगनेंसी था। उसे प्रेगनेंसी जॉन्डिस था। प्रसुता को सिजेरियन के बाद चार बच्चे हुए। चारों बच्चे एक साथ रोए, जो बहुत ही अच्छी साइन है। चारों नवजात का सभी पैरामीटर नॉर्मल था। प्रसुता के जॉन्डिस के लिए ट्रीटमेंट चल रहा है। इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरजीत मौजूद रहे। उन्होंने चारों नवजात शिशु के स्वास्थ्य की जांच की।



# आदर्श बाल दुर्गा पूजन समिति का प्रतिमा विसर्जन जुलूस झांकियों के साथ संपन्न



**केटी न्यूज/ मऊ**

आदर्श बाल दुर्गा पूजन समिति सदर बाजार का दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस भव्य एवं आकर्षक धार्मिक एवं समसामयिक झांकियों के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस जुलूस को देखने के लिए रतनपुरा प्रखंड सहित दूरदराज से धर्म परायण नागरिकों महिलाओं एवं बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार की दुकानों मकानों पर दर्शनार्थियों की भीड़ इस नैना भिराम दृश्य को देखने के लिए उमड़ पड़ी थी। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस भारी भीड़ के साथ सायं काल से शुरू हुई। यह प्रतिमा विसर्जन जुलूस देर रात तक चला। प्रतिमा विसर्जन जुलूस में एक दर्जन झांकियो को मूर्त रूप दिया गया था। जिसके कलाकार जीवंत अभिनय करते हुए अपने कलाकारी का बेहतरीन नमूना प्रस्तुत किया।

झांकियां के साथ-साथ डीजे पर नृत्यांगनाओं का नृत्य युवाओं को काफी पसंद आया, और इन्हें देखने के लिए सड़क पर पूरी भीड़ उमड़ पड़ी थी।



### झांकियों में मोदी और जोगी की जोड़ी ने लोगों का मोह लिया मन



यह समिति अपने झांकियां में प्रत्येक वर्ष समसामयिक झांकी प्रस्तुत करती है। इन झांकियां में सबसे आकर्षक झांकी मोदी और योगी की जोड़ी थी। जिसे कलाकारों ने बड़े ही आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया था। जिसे लोग बड़े चाव से देख रहे थे। धार्मिक झांकियां को जीवंत करने के लिए बाल कलाकारों में होड़ मची हुई थी, और वह पूरी तन्मयता के साथ अपने पात्रों को जीवंत करने में लगे हुए थे। व्यवस्थापन के कार्य में लगे प्रमुख लोगों में से मनोज कुमार गुप्ता, विजेंद्र प्रसाद साहू ,प्रदीप शर्मा, ठाकुर गौड़, राहुल शर्मा, रजनीश सिंह, कन्हैया मद्धेशिया, सनी मद्धेशिया, गोलू साहू , टीपू सुल्तान, दिलशान अहमद ने जहां अद्भुत झांकियां सजाई। वही व्यवस्थापकों में विनोद कुमार गुप्ता, सतीश मद्धेशिया, उमाशंकर सिंह, सेमत समिति के सभी सदस्य एवं उदघोषक के रूप में आनंद खरवार ने हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह बनाए रखा।



## खबरें फटाफट

### हमारा देश ऋषियों मुनियों का देश रहा हैं : रामगोविंद चौधरी



**बलिया।** नगर के पानी टंकी जगदीशपुर स्थित समाजावादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी के आवास पर शनिवार को आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव रामगोविन्द चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश ऋषियों मुनियों का देश रहा हैं। आदि काल से ही दुनिया को राह दिखाने का कार्य हमारे देश ने किया हैं। आज पूरी दुनिया हमारे वेद पुराणों पर शोध कर रही हैं। हमारे देश के आज के युवा वर्ग को देश के महान ऋषियों मुनियों के जीवन और इनके द्वारा रचित ग्रंथो, पुराणों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उस रास्ते पर चल कर देश में एकता सद्भाव को बढ़ावा देने पर काम करना चाहिए। इस अवसर पर सपा के जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय ₹कान्हजी₹ अमित सिंह, अमित राय, छोटक राजभर, प्रवीण सिंह विक्की मौजूद रहे।

### ट्रेन से गिरकर किशोर की मौत

**बलिया।** जनपद के चितबड़ागांव गांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर अज्ञात ट्रेन से गिरने से एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रात अज्ञात ट्रेन से सफर कर रहा किशोर असंतुलित होकर अचानक ट्रेन से गिरकर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने उपचार के लिए एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।थाना पुलिस द्वारा अज्ञात किशोर की शिनाख्त के प्रयास के दौरान मृत किशोर का नाम आजाद 16 वर्ष पुत्र तसौवर निवासी नरहिया मधुवन के रूप में परिजनों द्वारा किया गया।

### हार्ट अटैक से अधेड़ व्यक्ति की हुई मृत्यु

**मऊ।** ग्राम खानपुर थाना सरायलखंसी तहसील मोहम्मदाबाद गोहना, जनपद मऊ निवासी 50 वर्षीय बहती यादव का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना हेमंत कुमार ने कहा कि मौके पर निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि मृत्यु से कुछ समय पूर्व उनके पटीदार श्री अनिल यादव से ट्रैक्टर उनके चबूतरे पर चढ़ने के कारण वाद विवाद हुआ था। इसके उपरांत श्री बहती यादव अपने घर चले गए। आंगन में चक्कर आने पर गिर गए तथा नाक से खून बहने लगा। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए ,जहां उनकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया। मौके पर भूमि विवाद का कोई मामला नहीं था।

### बलिया के जिलाधिकारी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

# सीएम के दौरे को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश

❒जनसभा स्थल, हैलीपेड,सेफ हाउस, रास्ते की मरम्मत और झाड़ियों की कटाई के निर्देश दिए

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शनिवार को बांसडीह-मैरीटार मार्ग स्थित पिंडहरा गांव के बघौली मौजे में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन की तैयारियों के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।इस दौरान जिलाधिकारी ने जनसभा स्थल, हैलीपेड,सेफ हाउस और रास्ते की मरम्मत और घास फूस एवं झाड़ियों की कटाई एवं साफ-सफाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने अपनी टीम लगाकर उपलब्ध भूमि की पैमाइश करवाकर जनसभा स्थल और हैलीपेड के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की। कार्यक्रम स्थल के लिए धान की फसल को कटवा लिया गया है और बचे धान की फसल को आज शाम तक कटवा लिया जाएगा। इसके बाद



जिलाधिकारी ने पास स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस की रंगाई पुताई करवाकर, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिए ।जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल के मंच से 60 मीटर दूर हैलीपेड और जनसभा स्थल से कुछ मीटर की दूरी पर पार्किंग की व्यवस्था करने करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में तेजी लाने और अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीआरओ त्रिभुवन, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा शंकर तिवारी, एसडीएम राजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### थाना समाधान दिवस पर पंहुचे आजमगढ़ डीआईजी

**मऊ।** समाधान दिवस पर आजमगढ क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अखिलेश कुमार दोहरीघाट थाने पर पहुचे और वहाँ उपस्थित फरियादियो की जनसमस्या को सुना। डीआई जी द्वारा कुल चार मामलों को सुना गया जिसका त्वरित निस्तारण हेतु आदेश दिया गया। जिसमें 3 मामलों का मौके पर समाधान हुआ ,एक मामले को पुलिस और राजस्व की टीम देखेगी। समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि,क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्र,उप जिलाधिकारी घोसी सुमित कुमार, लेखपाल कानूनगो तथा पुलिस के लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने पीड़ितों की समस्या सुनते हुए प्रार्थना पत्रों का गहनता से जांच करते हुए संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए ।

### रामलीला मंच पर चढ़ गया शराबी, समिति ने किया पुलिस के हवाले

**बेल्थरारोड।** बिचला पोखरा के पास रामलीला मंच पर चल रहे रामलीला के दौरान शुक्रवार की रात दो शराबी हाथ में शराब लेकर सीधे मंच पर चढ़ गए। शराबियों ने भगवान राम बने कलाकार को जबरन शराब देने की कोशिश की। भगवान राम के सामने अचानक मंच पर मदीरा की पेशकश से रामलीला कलाकार सन्न रह गए। जबकि दर्शकों में हड़कंप मच गया। समिति के लोगों ने तत्काल शराबियों को घेर लिया लेकिन वे मौके से फरार हो गया।

मामले को लेकर रामलीला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विपिन बिहारी पांडेय ने घटना की लिखित सूचना उभांव थाना पुलिस को दी। उभांव इंस्पेक्टर डीके श्रीवास्तव के निर्देश पर सीयर पुलिस चौकी इंचार्ज देवेंद्र प्रजापति ने शनिवार को दोनों बवालियों को दबोच लिया। पकड़े गए शराबी बवाली आशीष शर्मा और अविनाश यादव उर्फ विक्की यादव वार्ड नं. 13 मधुबन मार्ग निवासी को पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत शनिवार को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि शराबियों के मंच पर चढ़ने के बाद रामलीला भी कुछ देर के लिए प्रभावित हो गया। इस दौरान दर्शकों ने जमकर हल्ला मचाया। हंगामे से पूर्व रामलीला मंच पर रावण वध के बाद विभिषण का लंका में राज्याभिषेक और सीता वापसी की लीला का मंचन हो रहा था।

## चारों भाईयो के गले मिलते ही गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष



**केटी न्यूज/मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना में श्री दशहरा रामलीला कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार रात्रि भरत मिलाप का कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस मौके विजय स्तंभ चौक से काली मंदिर तक कमेटी के संरक्षक त्रिभुवन नारायण सिंह के नेतृत्व में 14 वर्ष के बाद भगवान श्री राम के अयोध्या आने पर चारों भाइयों के गले मिलते ही रामलीला देखने आए श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई ।लंका से विजय प्राप्त कर पुष्पक विमान से अयोध्या लौटते समय जगह-जगह फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

काली छोरा मंदिर पर पुष्पक विमान के पहुंचते ही महा आरती से लेकर विमान रुकने तक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया। अखाड़े की कार्यक्रम एवं भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्ति में बना रहा। श्री राम, लक्ष्मण, सीता माता ,हनुमान जी, सुग्रीव ,अंगद आदि विमान पर बैठे रहे । भरत से गले मिलकर श्रद्धालु भगवान श्री राम की जय जयकार करने लगे।

### रावण का हुआ वध, जय श्री राम के लगे नारे



**मऊ।** चिरैयाकोट नगर की रामलीला के नौवें दिन शुक्रवार को सर्वप्रथम श्रीराम व लक्ष्मण की आरती चेयरमैन रामप्रताप यादव नगर पंचायत चिरैयाकोट ने किया। उसके बाद कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध,सती सुलोचना,अहिरावण वध तथा रावण वध तक की रोमांचक व भावपूर्ण लीला का मंचन किया गया। संचालन व निर्देशन एडवोकेट अशोक कुमार अश्क चिरैयाकोटी ने किया ।इस दौरान प्रेमचंद मौर्य,प्रकाश पाण्डेय, प्रियांशु पाण्डेय, भूपेंद्र मौर्य, राजकुमार मौर्य, आशुतोष पाण्डेय, सोहनलाल ,गनेश मद्देशिया, दीपक पाण्डेय, सोनू जायसवाल,राजेश प्रजापति,उमेश मद्धेशिया,शुभम विश्वकर्मा, शिवाश्रय पाण्डेय,समीर आदि लोगों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, इलाज के दौरान मौत

**मनियर बलिया।** क्षेत्र के पिंडारी गांव के समीप मनियर सुल्तानपुर मार्ग पर शुक्रवार की देर शाम बाइक के धक्के से एक 55 वर्षीय महिला बुरी तरह घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे पीएचसी मनियर पहुंचाया गया जहां स्थिति गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल बलिया रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लेकर कारवाई में लगी हुई है

घटना के विषय में बताया जाता है कि सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के डूबा बिहारा निवासी गुलाबी देवी 55 पत्नी स्व कृष्ण यादव एक सप्ताह पूर्व अपने मायके पिड़ारी गांव निवासी अरविन्द यादव के यहां गई थी। शाम करीब 7 बजे घर निकलकर सड़क पर टहल रही थी कि सुल्तानपुर की तरफ आ रही बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरकर छटपटाने लगी।

### मऊ में खाद्य सुरक्षा टीम ने त्योहारों को देखते हुए चलाया जांच अभियान



**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश के क्रम में सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय सुरेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में शनिवार को आगामी दीपावली तथा छठ पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन के तत्वाधान में खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा मोहम्मदाबाद गोहना बस स्टेशन ,कैलेंडर तिराहा एवंअतरारी बाजार में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिंदु पांडे समेत खाद्य विभाग के कर्मियों द्वारा पर्व को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया । इस दौरान लगभग एक दर्जन से ऊपर मिठाई के दुकानदारों की मिठाइयों की जांच परख कर उनको सावधानी बरतने एवं मिठाई बनाते समय हाइड्रो पाउडर तथा विभिन्न केमिकल को नहीं मिलने के निर्देश दिए।

कुछ दुकानदारों की मिठाई में मिलावट की मात्रा मिलने पर उन्हें चेतावनी देते हुए सख्त निर्देश दिया गया कि त्यौहार को लेकर आप लोग अभी से सावधान हो जाएं अगर पर्व के दौरान किसी मिठाई के दुकान पर मिलावटी मिठाइयां पाई गई तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

### जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**मऊ।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में पं दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय, मऊ द्वारा जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन डा भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में किया गया। उक्त प्रतियोगिता का शुभारम्भ अशोक सिंह पूर्व प्रत्यासी भाजपा विधान सभा क्षेत्र सदर द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत मुकेश कुमार सब्बरवाल उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बुके देकर एवं बैज लगाकर किया गया। अतिथियों को माल्यार्पण ओमेन्द्र सिंह संयुक्त सचिव यूपी हॉकी एवं राजीव कुमार जायसवाल हैण्डबाल प्रशिक्षक द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ एवं थलईपुर की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ की टीम ने 8-4 अंक के अन्तर से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।






### प्रशिक्षुओं को भी मिलेंगी स्मार्ट क्लासेस व लैब्स समेत तमाम उन्नत सुविधाएं

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की कार्यप्रणाली में होगा सुधार

❒कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराया गया फंड

**केटी न्यूज / लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में अल्पसंख्यक व अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के अल्पसंख्यक व अनुसूचित जातीय बाहुल्य विकास खंडों में भी विकास को गति देने और इन क्षेत्रों मं औद्योगिक व कौशल विकास पर भी लक्ष्य केंद्रित कर रही है। यही कारण है कि इन क्षेत्रों में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर्स को अपडेट कर उन्हें मॉडर्न फैसिलिटीज से लैस करने की



कार्ययोजना को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया है। इस क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, उत्तर प्रदेश सरकार ने नानपारा (बहराइच), सिकंद्राबाद (बुलंदशहर), छानबे (मिजार्पुर) व जेवर (गौतमबुद्ध नगर) में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नई कक्षाएं, थ्योरी कक्षों व मीटिंग हाल समेत कई महत्वपूर्ण निर्माण व मरम्मत कार्यों को पूर्ण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चारों ही क्षेत्रों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में निर्माण कार्यों को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ (यूपीआरएनएसएस) व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा फंड्स उपलब्ध कराए गए हैं। इन कार्यों को मुख्यतः दो चरणों में पूर्ण किया जाना है। इन कार्यों के लिए कुल मिलाकर 11.9 करोड़ रुपए की लागत राशि निर्धारित की गई है। इसी क्रम में पहली किस्त के तौर पर 6.02 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है।

### 6.02 करोड़ रुपए पहली किस्त के तौर पर हुए स्वीकृत

छानबे (मिजार्पुर) व जेवर (गौतमबुद्ध नगर) के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जातीय उपयोजना (एससीएसपी) के अंतर्गत कुल 2.65 करोड़ रुपए की धनावंटन की प्रथम किस्त को स्वीकृति दी है। वहीं, नानपारा (बहराइच), सिकंद्राबाद (बुलंदशहर) के अल्पसंख्यक बाहुल्य विकास खंडों व अन्य क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल 3.37 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटन को प्रथम किस्त के तौर पर स्वीकृति दे दी है। इस प्रकार, कुल 6.02 करोड़ रुपए की धनराशि योगी सरकार द्वारा चारों क्षेत्रों के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में निर्माण व सुधार कार्यों के लिए प्रथम किस्त के तौर पर जारी कर दी गई है।

## खबरें फटाफट

### ग्रामीणों को दी खादी के बारे में जानकारी

**चंदौली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गिरजा प्रसाद की अध्यक्षता में रंगधारी मानव विकास संस्था के ग्राम-असना परिसर में खादी महोत्सव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खादी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं खादी वस्त्र अपनाने से सम्बन्धित शपथ दिलायी गयी। खादी महोत्सव जागरूकता कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गिरजा प्रसाद, वरिष्ठ सहायक रमेश कुमार, ओमप्रकाश, मंत्री रंगधारी मानव सेवा समिति जलालपुर पूर्वी, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान, ग्राम सभा असना, चन्दौली सहित उक्त ग्राम सभा की जनता उपस्थित रही।

### हंसराज पासवान बने मुगलसराय विधानसभा अध्यक्ष

**चंदौली।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास गुट के युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष वीरू कुमार पासवान ने कुष्ठ आश्रम पड़ाव निवासी हंसराज पासवान को मुगलसराय विधानसभा इकाई का अध्यक्ष मनोनित किया है। उनके मनोनयन के बाद कार्यकर्ता व पार्टी के नेताओं ने खुशी जाहिर की। वहीं हंसराज पासवान ने पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व के निर्वहन का भरोसा दिया है।

### अप्रेंटिस मेला आयोजन 31 को

**चंदौली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेवसा चंदौली के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बताया कि 31 अक्टूबर को संस्थान में अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया है जिसमें राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण समस्त व्यवसायों के युवक और युवतियों को सरकारी या निजी कार्यालय आदि स्थानों में अप्रेंटिसशिप करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। बताया कि जो युवक व युवती अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत हैं वे उक्त तिथि को सुबह 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौली में अपने सभी प्रमाण पत्र, फोटो आदि के साथ पहुंचे एवं जो अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किए हैं वह भारत सरकार के वेब पोर्टल पर अपना पंजीकरण करने के उपरांत अप्रेंटिस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### एक भी मामले का नही हुआ निस्तारण

**चंदौली।** सदर एसडीएम मनोज कुमार पाठक के नेतृत्व में शनिवार को सदर कोतवाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों द्वारा उनके समक्ष कुल पांच प्रार्थना पत्र पड़े। लेकिन अधिकारियों द्वारा एक भी प्रार्थना पत्र का मौके से निस्तारण नहीं किया गया। वही एसडीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों को विभागीय अधिकारियों को सौंप दिया और उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ रामवीर सिंह, सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह मौजूद रहे।

### दो शव मिले, जांच में जुटी चंदौली पुलिस

**चंदौली।** जनपद थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में एक 20 वर्षीय युवक व 48 वर्षीय व्यक्ति वृद्ध का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि मुगलसराय थाना अन्तर्गत मुहम्मदपुर जीटी रोड़ स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 48 वर्ष का शव बरामद हुआ है। मृतक के शरीर पर कहीं भी जाहिरा चोट का निशान नहीं थे। मृतक विक्षिप्त व बीमार था। काफी दिनों से घूम-घूम कर मांग कर खाता पीता था।

# गंगहर शिव काली मंदिर में नौ दिवसीय रूद्राम्बिका महायज्ञ शुरू, निकली भव्य कलश यात्रा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के नवली स्थित प्राचीन गंगहर शिव काली मन्दिर परिसर में नौ दिवसीय रूद्राम्बिका महायज्ञ आयोजित है। शनिवार को पहले दिन आचार्य पंडित धन्नजय पांडेय व पंडित कन्हैया दिवेदी महाराज के नेतृत्व में सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोचार के जरिए कन्या पूजन, कलश पूजन के उपरांत भव्य कलश यात्रा निकली।

इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरूष कलश लेकर नवली, त्रिलोकपुर, उतरौली गाँव भ्रमण करते हुए श्रद्धालु ध्वनि विस्तारक यंत्रों के जरिए भक्ति गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे।

इस दौरान हाथी,घोडा भी साथ चल रहे थे। भ्रमण के बाद गहमर गंगा तट पर जलभरी के उपरांत गंगा पूजन व आरती पूरे वैदिक मंत्रोचार के जरिए सम्पन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालु पुनः गाँव भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। वेदी ,मंडप पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय रहा।

आयोजन समिति के अनुसार 28 अक्टूबर से चलने वाले इस महायज्ञ में रविवार को मंडप प्रवेश व संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, सोमवार यज्ञाहुती का शुभारंभ, पांच नवंबर को पूणार्हुती, प्रसाद वितरण व विशाल भंडारे का आयोजन सुनिश्चित है। आयोजन समिति ने बताया कि इस दौरान हर रोज सुबह सात बजे से मंडप देव पूजन, पाठ, स्वाहाकार जब कि ?शाम दो बजे से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा होना सुनिश्चित है। भागवत कथा व्यास पंडित कन्हैया दिवेदी ने बताया कि यज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा से वातावरण जहाँ भक्तमय रहता है, वहीं भक्तों के हर तरह के दुख का निवारण का यह एक साधन है,यही नहीं इसके जरिए लोक कल्याण भी सुनिश्चित है।

इस अवसर पर लालबहादुर सिंह, धन्नजय पांडेय, गौरव, जितेन्द्र, चंद्रप्रकाश, मुन्ना पांडेय, अरविन्द सिंह, गोपाल शर्मा, लल्लन सिंह, नित्यानन्द मिश्रा, रणजीत सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## चंदौली में आयोजित समाधान दिवस में आए तीन प्रार्थना पत्र, एक का निस्तारण

# शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी: डीएम

■ समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**केटी न्यूज/चंदौली**



इलिया थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के दौरान डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में तीन शिकायतों में से मौके पर एक का निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे व एसपी डॉ अनिल कुमार ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। राजस्व विभाग और पुलिस से संबंधित कुल तीन शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर एक का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में विलंब होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय है। एसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने संपूर्ण समाधान व थाना समाधान रजिस्टर , आइजीआरएस रजिस्टर पर पूर्ण ब्योरा दर्ज न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा आगंतुक रजिस्टर पर मोबाइल नंबर दर्ज न होने पर फटकार लगाई ।इस दौरान भूपेश कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष छत्रबली सिंह, राम अवध सिंह, प्रेम नारायण गुप्ता, बसंत सिंह, गोविंद मौर्य, बेदी पांडेय, संजय पटेल, मुन्ना भास्कर, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर कब्जा करने वालो के खिलाफ केस दर्ज कर तत्काल भेजें जेल: डीएम



**गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना भावरकोल में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधिक्षक ने उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनने के साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। इस मौके पर थाना भवरकोल मे 05 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायत पत्र दिया जिसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे और गरीबो के पट्टे आदि की भूमि पर कब्जा करने वालो के खिलाफ केस दर्ज कर तत्काल जेल भेजा जाय। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद, क्षेत्राधिकारी भावरकोल, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पांच गैर जनपदीय तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद निकट पर्यवेक्षण में 08 अदद गोवंश बौरी पुल के पास से मुखबीर खास की सूचना पर बरामद किया गया तथा 05 नफ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । घटना में प्रयुक्त 01 पिकप व 01 स्कार्पियो को मौके से बरामद किया गया। अभियुक्त गण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर गौ हत्या निअधि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

■ 8 राशि गोवंश के साथ 1 अदद पिकप व 1 अदद स्कार्पियो वाहन की बरामदगी व 05 नफर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी

गिरफ्तार अभियुक्तगण : लालू यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी रामपुर अछार थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ उम्र 22 वर्ष । हाशिम नट पुत्र जुम्मन नट निवासी तराँव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर उम्र 31 वर्ष । मुफिद पुत्र सेवक निवासी तराँव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष। बृजमोहन यादव उर्फ मोनू पुत्र उमाशंकर यादव निवासी रामपुर अछार थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ उम्र 25 वर्ष।

### तेज दौड़ने वाले धावक हुए पुरस्कृत

**पीडीडीयू नगर।** रेलवे सुरक्षा बल की ओर से सरदार बल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी आरक्षक आरोग्य जीवन के 75 वां फिट राइज रन का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से प्लांट डिपो कारखाना से वापस बाकले खेल मैदान तक दौड़े। यहां सबसे तेज दौड़ने वाले धावकों को वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जे ?थिन बी राज ने पुरस्कृत किया। फिट राइज रन के तहत रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, आरक्षी सहित 80 जवान डीआरएम ऑफिस परिसर में सुबह साढ़े छह बजे पहुंचे। यहां एडीआरएम ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में शामिल जवान यूरोपियन कॉलोनी, प्लांट डिपो कॉलोनी होते हुए प्लांट डिपो कारखाना पहुंचे। यहां से वापस उसी रास्ते से होते हुए पांच किमी की दौड़ पूरी करते हुए बाकले खेल मैदान में पहुंचे। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज, सहायक सुरक्षा आयुक्त हरिनारायण राम ने पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कृत किया। मौके पर आरपीएफ डीडीयू पोस्ट निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, नाथुन मांझी आदि लोग रहे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में वैष्णव संत सम्मेलन आयोजित



**केटी न्यूज/चहनियां**

(चंदौली)। कांवर स्थित सिद्धपीठ मां महड़ौरी देवी परिसर में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ स्थल पर शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी । एक तरफ लोग यज्ञ मंडप के फेरे लेने के लिए चक्रमण कर रहे थे तो दूसरी ओर लंगर में प्रसाद लेने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी । पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा । कांवर स्थित महालक्ष्मी मां महड़ौरी देवी धाम में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रवचन स्थल पर वैष्णव सन्त सम्मेलन का आयोजन हुआ ।

जिसमें सन्तो व विद्वानों का आगमन हुआ । सन्त जनों ने अयोध्या के पीठाधीश्वर व यहां आयोजित चार माह तक कथा वाचक करने वाले सन्त वासुदेवाचार्य विद्या भाष्कर जी महाराज के सम्मान में मन्तव्य को ब्यक्त किया । करतल ध्वनि से भक्तों ने महाराज जी का सम्मान व आशीर्वचन प्राप्त किया । सन्त विद्या भाष्कर जी महाराज ने कहा कि हिन्दू धर्म मे वैष्णव सम्प्रदाय का बहुत बड़ा महत्व है । इस धर्म के चार सम्प्रदाय है । इस धर्म के उपासक ब्राम्हणों को वैष्णव या वैरागी कहा जाता है । वैष्णव धर्म के प्राचीन मंदिरों की अर्चना वैष्णव ब्राम्हण द्वारा की जाती है । वैष्णव धर्म के आध्यात्मिक मार्ग में परम्परा अनुसार वैष्णव ब्राम्हणों ( बैरागी ) द्वारा की जाती है । इस धर्म मे भक्ति परक साहित्य 10वी से 16वी शताब्दी के बीच संस्कृत व स्थानीय लेखन में उभरा है।

## प्रशिक्षण के जरिये बेटियों को आत्मरक्षा के सिखाए जा रहे गुर

# ऐप, पोर्टल और सोशल मीडिया से सेफ सिटी को मिलेगी रफ्तार

■ ऐप में सरकारी योजनाओं के साथ विभिन्न विभाग के लिंक को किया जा रहा फीड

**केटी न्यूज/लखनऊ**




योगी सरकार सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार विभिन्न कदम उठा रही है। इसी के तहत महिलाओं के साथ बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजन के लिए सेफ सिटी ऐप विकसित किया गया है।

इसके साथ ही सेफ सिटी पोर्टल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेज, लोगो और स्लोगन तैयार किया गया है। जल्द ही इन सभी को लांच किया जाएगा।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्रिएट किया गया सेफ सिटी यूपी पेज**

सेफ सिटी परियोजना के तहत महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी स्कीम की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सेफ सिटी पोर्टल को विकसित किया गया है। इसे विभिन्न सरकारी विभागों से जोड़ने का काम चल रहा है। पोर्टल को यूपीडेस्को के माध्यम से विकसित किया गया है। इसमें विभिन्न विभागों समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को लिंक किए जाने की कार्यवाही चल रही है।

इसके अलावा, आमजन में जागरूकता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सेफ सिटी यूपी पेज को क्रिएट किया गया है। इसके साथ ही एफएम जिंगल्स, कम्युनिटी रेडियो आदि माध्यम से जागरूकता फैलाना, डायरेक्ट-इनडायरेक्ट मार्केटिंग के साथ संवेदीकरण कार्यक्रम, प्रभावशाली व्यक्तियों की सुरक्षा एवं अधिकारिता को फोकस करते हुए विज्ञापन जारी किए जाएंगे। इसके लिए महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की ओर से 6 माह का कार्यक्रम तैयार कर सूचना विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है।

वहीं, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने इन कार्यों के लिए 20.17 करोड़ का व्यय विभागीय बजट से करने की अनुमति के लिए शासन को पत्र लिखा है। इतना ही नहीं, बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**सुरक्षित शहर हर प्रहर स्लोगन से गूंजेंगे 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सेफ सिटी ऐप में सरकारी योजनाओं का विवरण और विभिन्न विभाग के लिंक को फीड किया जा रहा है। इसके अलावा ऐप में निकटतम पुलिस बूथ और टॉयलेट की जानकारी भी फीड की जा रही है ताकि किसी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए उन्हें भटकना न पड़े। सेफ सिटी ऐप नगर विकास विभाग की ओर से विकसित किया गया है जबकि फीडिंग का काम चल रहा है। वहीं, यूपी सेफ सिटी लोगो को भी तैयार कर लिया गया है। यूपी सेफ सिटी का लोगो सुरक्षित शहर व सेफ सिटी है, जिसे 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के प्रसिद्ध स्मारकों एवं स्थानों पर लगाया जा रहा है। इसी तरह, नगर विकास विभाग ने क्राऊड सोर्सिंग के माध्यम से यूपी सेफ सिटी के स्लोगन के सैकड़ों सुझाव प्राप्त किए हैं। इनमें से पांच विकल्पों को सम्पन्न समीक्षा गोष्ठी में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रस्तुत विकल्पों में से ₹सुरक्षित शहर हर प्रहर स्लोगन₹ का चयन किया गया है। इसे अनुमोदन के लिए शासन को भेजा गया है।

## एक नजर

### दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे एनडीआरएफ के महानिदेशक, लेंगे तैयारियों का जायजा

**पीडीडीयू नगर।** अतुल करवाल (आईपीएस) महानिदेशक, एनडीआरफ का दो दिवसीय वाराणसी दौरा 29 एवं 30 अक्टूबर को प्रस्तावित है। महानिदेशक, एनडीआरफ के दौरे का उद्देश्य एनडीआरएफ वाराणसी की आपदाओं को लेकर तैयारी का विस्तृत जायजा लेना और जवानों में नई उर्जा और उत्साह का संचार करना है। जिससे हर एक बचावकर्मी कठिन से कठिन आपदाओं में सहज रहकर आम जन की समर्पित भाव से सेवा कर सके। 29 अक्टूबर की शाम 05 बजे महानिदेशक एनडीआरफ के द्वारा दशाश्वमेध घाट पर अवस्थित एनडीआरएफ, टैक्टिकल प्रिपोजिसन्ड लोकेशन (टीपीएल) का दौरा एवं दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा आयोजित राष्ट्र के वीर योद्धाओं की स्मृति में आकाशदीप प्रज्जवलन एवं माँ गंगा आरती के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होना प्रस्तावित है। 30 अक्टूबर को महानिदेशक के द्वारा साहुपुरी चंदौली स्थित एनडीआरएफ कैंप का भ्रमण किया जायेगा और आपदा बचाव के उपकरणों, जवानों के प्रशिक्षण व तैयारियों का जायजा लिया जायेगा। साहुपुरी चंदौली स्थित एनडीआरएफ कैंप में स्मृति स्वरूप पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया जायेगा एवं समस्त कार्मिकों के लिए सैनिक सम्मलेन का भी आयोजन किया जाना है। जहाँ वे सभी जवानों से रू-ब-रू होगें तत्पश्चात वाहिनी मुख्यालय के परिसर (मकबुल आलम मार्ग, वाराणसी) का भ्रमण किया जायेगा।

### सम्मान समारोह में पिछड़े समाज को एकजुट करने का लिया संकल्प



**चंदौली।** चंदौली जिला मुख्यालय से सटे नरसिंहपुर गांव में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें वाराणसी के भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा के प्रतिनिधि श्रीकांत विश्वकर्मा और विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी सिंह का ग्रामीणों ने सम्मान किया। इसके बाद लोगों ने केंद्र और प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। साथ ही आगामी लोकसभा के मद्देनजर पिछड़े समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी प्रतिनिधि श्रीकांत विश्वकर्मा ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकारें समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं, जिससे लोगों तक लाभ पहुंच रहा है। जनहित के योजनाओं में पीएम विश्वकर्मा योजना योजना भी शामिल हैं। इससे परंपरागत कारीगरी करने वाले शिल्पकारों को काफी लाभ मिला हैं। बताया कि इस योजना के तहत 18 ट्रेड बनाए गए हैं। इन ट्रेडो से जुड़े कारीगरों को सरकार द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है, प्रशिक्षण के दौरान उनको दैनिक भत्ता भी दिया जाता है। बाद में कारीगरों को आधुनिक टूल किट्स, उद्योग स्थापित करने के लिए बैंक ऋण सहित तमाम सुविधाएं दी जाती हैं। जिससे लोगों के जीवन में निरंतर प्रगति हो रही है। कहा कि लोग अपना छोटा-मोटा उद्योग और कारखाना स्थापित करके अपना और अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, हरिमोहन लाल श्रीवास्तव, रामदुलार यादव, शिवबचन रावत, अनुपम सिंह, नीरज जायसवाल, मनीष यादव, कैलाश गोड़, अनिल गोंड, दीपक विश्वकर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, निखिल रावत, राहुल श्रीवास्तव, गोलू श्रीवस्तव, सुनील कुमार गुप्ता, अखंड प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### भुडकुड़ा कोतवाली क्षेत्र में अवैध तमंचा रखने वाले नाबालिग को भेजा बाल सुधार गृह

**गाजीपुर।** भुडकुड़ा कोतवाली अंतर्गत सेमऊर गांव के अपने दोस्त के तमंचे का फोटो मोबाइल में रखना एक किशोर को उस वक्त महंगा पड़ गया जब किसी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक के मोबाइल में तमंचा के साथ फोटो शूट किया तस्वीर है। पुलिस युवक की तलाश काफी दिनों से कर रही थी। तभी 25 अक्टूबर को सूचना मिली कि युवक गांव में मौजूद हैं। इसके बाद कोतवाली के चार कांस्टेबलों ने युवक की पीछा करने लगे। युवक बाइक से भागने लगा ,कुछ दूर पर जाकर बाइक सहित युवक गिर गया। जिसे गंभीर चोटें आ गई। पुलिस ने युवक को पड़कर थाने लाई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलहम पट्टी करने के बाद युवक से फोटो खींचने और तमंचा के बारे में पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने युवक के निशान देही पर 26 अक्टूबर की रात एक नाबालिक किशोर को घर से दस बजे रात को युवक को गिरफ्तार करने के बाद घर के खाट के नीचे जमीन में दफनाई हुई 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। इसको पुलिस ने 28 अक्टूबर को अग्रिम कार्रवाई करते हुए नाबालिक किशोर को बल सुधार गृह भेजा। कोतवाल तारावती ने कहा कि किशोर को गिरफ्तार करते हुए उसे पर कार्रवाई की गई और उसकी बाल सुधार गृह भेजा गया।

### दुल्लहपुर थाना में समाधान दिवस पर 12 आवेदन में चार का निस्तारण



**दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना पर समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10:00 बजे से आयोजित हुआ । जिसमें नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य ,पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर , एस ओ अशोक मिश्रा के नेतृत्व में कुल चार आवेदन आए थे जिसमें मौके पर दो का निस्तारण किया शेष को लेखपाल सौंपे । भुडकुड़ा कोतवाली पर तहसीलदार ध्रुवेश सिंह के मौजूदगी में कुल तीन आवेदन आए थे जिसमें तीनों का निस्तारण किए। शादियाबाद थाने पर एसडीएम कमलेश सिंह,एस ओ सत्येंद्र राय के मौजूदगी में पांच आवेदन आए थे जिसमें तीन मामलो में टीम भेजी गई है लेकिन देर शाम तक निस्तारण नहीं हो सका।सारे मामले भूमि संबंधित रही।